# कार्यालय जनपद न्यायाधीश, गोरखपुर।

## (केन्द्रीय नजारत अनुभाग)

### सूचना

जनपद न्यायालय, गोरखपुर के मुख्यालय एवं बाह्य न्यायालय, बांसगाँव स्थित विभिन्न न्यायालयों/अनुभागों/कार्यालयों में उपलब्ध कुल 13 अदद खराब प्रिंटरों का अनुरक्षण (Repairing) एवं मुख्यालय स्थित पुस्तकालय अनुभाग में उपलब्ध विधि पुस्तकों की बाईंडिंग किये जाने के संबंध में क्रय समिति, जपनद न्यायालय, गोरखपुर की आख्या दिनांकित 06.02.2024, जो कि माननीय जनपद न्यायाधीश, गोरखपुर महोदय द्वारा दिनांक 08.02.2024 को स्वीकृत है, के अनुपालन में सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त प्रिंटरों का अनुरक्षण एवं विधि पुस्तकों की बाईंडिंग आगणन के माध्यम से किया जाना है। इच्छुक व्यक्ति/फर्म अपना आगणन दिनांक 24.02.2024 के सायं 04:00 बजे तक केन्द्रीय नजारत, जनपद न्यायालय, गोरखपुर में केन्द्रीय नाजिर के समक्ष बंद लिफाफे में प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें। प्राप्त सभी आगणन को दिनांक 25.02.2024 को सायं 04:30 बजे अद्योहस्ताक्षरी के विश्राम कक्ष में खोला जायेगा।

उक्त के संबंध में सूचना केन्द्रीय नजारत, जनपद न्यायालय, गोरखपुर से किसी भी कार्य दिवस को प्राप्त की जा सकती है।

दिनांक– 13.02.2024

13/2/24

(सुबोध वार्ष्णेय)
अध्यक्ष क्रय समिति/
अपर जनपद न्यायाधीश/
वि.न्या. (यू.पी.एस.ई.बी.)
गोरखपुर।

**प्रतिलिपि सूचनार्थ प्रेषित–**

1. नाजिर आयुक्त कार्यालय, गोरखपुर।
2. नाजिर सदर, कलेक्ट्रेट, गोरखपुर।
3. नाजिर तहसील सदर, गोरखपुर।
4. मुख्य नगर अधिकारी, नगर निगम, गोरखपुर।
5. मुख्य विकास अधिकारी, विकास भवन, गोरखपुर।
6. जिला सूचना अधिकारी, गोरखपुर में समाचार पत्र में निःशुल्क प्रकाशन हेतु।
7. सूचना पट्ट दीवानी न्यायालय, गोरखपुर पर चस्पा करने हेतु।
8. सिस्टम अधिकारी दीवानी न्यायालय, गोरखपुर को माननीय उच्च न्यायालय, इलाहाबाद एवं जनपद न्यायालय, गोरखपुर की वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु।
9. रेलवे जंक्शन, गोरखपुर के नोटिस बोर्ड पर चस्पा करने हेतु।
10. बस स्टेशन, गोरखपुर के नोटिस बोर्ड पर चस्पा करने हेतु।